# उद्यमियों के लिए एमएसएमई विभाग ने किया एमओयू



लखनऊ। एमएसएमई विभाग के तहत संचालित योजनाओं का लाभ उद्यमियों और निवेशकों को आसानी से सुलभ कराने के लिए मंगलवार को विभाग और आईसीआईसीआई बैंक के बीच एमओयू हुआ। डालीबाग स्थित खादी भवन में विभाग के विशेष सचिव प्रदीप कुमार और आईसीआईसीआई बैंक के नार्थ इंडिया में बिजनेस हेड विशाल भट्ट ने समझौता पत्र का आदान-प्रदान किया। एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक का सहयोग मिलने से कार्य कुशलता बढ़ेगी। इससे छोटे उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चार वर्षों में 50 लाख से अधिक नई एमएसएमई इकाइयों की स्थापना हुई। बैंकों ने इकाइयों को ढाई लाख करोड़ रुपये का लोन दिया। इससे रोजगार के ढाई करोड़ अवसरों का सृजन भी हुआ है। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई डॉ. नवनीत सहगल भी मौजूद रहे। ब्यूरो